सार-समाचार

चोरी की भेड़ों का खरीददार गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने चोरी की भेडो के खरीददार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि भेड निष्क्रमण के दौरान जिले में आये चरवाहो की पिछले दो महीने से रात में अज्ञात व्यक्ति भेडे चुरा कर ले जाता रहा। जिले के अलग-अलग गांवों में खेतों में डेरा बनाकर बैठे मारवाड के चरवाहों की भेडे रात में चोरी हो रही थी। जिसके जिले के विभिन्न थानों में मामले दर्ज हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए महानिरीक्षक एस. परिमला के निर्देशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के आदेश पर थानाधिकारी सदर दिलीप सिंह चारण के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने तकनीकि साक्ष्य एवं मुखबीरों के सहयोग से चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए चोरी की भेडो के खरीददार मोहम्मद खालिद पुत्र जाकीर कुरैशी निवासी खांदू कॉलोनी को गिरफ्तार कर चोरी की भेडे बरामद की। अनुसंधान करते हुए पुलिस ने कोटा, सिंगोली, रावतभाटा के अन्य मुल्जिमानों को नामजद करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिये टीमें रवाना की। आरोपी से पूछताछ के लिये न्यायालय से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा। चारण ने बताया कि भेडे चराते-चराते जब चरवाहे थकान होने से सो जाते तो उसी का फायदा उठाकर आरोपी पांच सात जने झुंड में जाकर पिकअप में भरकर भेडे चोरी कर लेते थे और उसे आरोपी को दे देते जिसे आरोपी कटने के लिये गाडी में भरकर भेज देता था। पुलिस टीम में थानाधिकारी दिलीप सिंह चारण, हेड कांस्टेबल कांतिलाल, सहायक उपनिरीक्षक रमेशचंद्र व कांस्टेबल भैरव कुमार शामिल रहे।

शिक्षा मंत्री को दिया ज्ञापन

उदयपुर,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राव गोपाल सिंह आसोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से राजस्थान के सरकारी विद्यालयों के भवन मरम्मत, रखरखाव एवं आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य हेतु जीरो बजट जारी की मांग रखी है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आसोलिया ने बताया कि राजस्थान के लाखों गरीब एवं मध्यम परिवार के बच्चों का एकमात्र सहारा सरकारी विद्यालय में अध्ययन करने का है सरकार निशुल्क शिक्षा निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भोजन छात्रवृति आदि की सुविधाएं तो दे रही है लेकिन भौतिक संसाधन के रूप में अधिकांश भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में पडे हुए हैं कई विद्यालय भवन हेरिटेज के रूप में जाने जाते हैं जिनका वर्षों पूर्व निर्माण कराया गया है जिनकी मरम्मत की भी आवश्यकता है ऐसी स्थिति में सरकार संपूर्ण राजस्थान के सरकारी विद्यालयों के लिए जीरो बजट जारी करें जिससे आवश्यकतानुसार संस्था प्रधान विद्यालय विकास एवं एवं प्रबंधन समिति निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य कर सकें। राजस्थान के लाखों इंटर्नशिप करने वाले छात्र अध्यापकों को प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ते के रूप में पांच हजार का खर्चा दिया जावे जिससे वह विद्यालय तक आने जाने का खर्च उठा सके एवं अपने अभिभावकों पर बोझ नहीं बने। राजस्थान के लगभग 60 हजार प्राध्यापकों के लिए तृतीय एसीपी उनके पद के अनुरूप प्रदान की जावे क्योंकि वर्तमान में एसीपी तृतीय श्रेणी शिक्षकों एवं प्रथम श्रेणी प्राध्यापकों के लिए एक समान है जो की असम्मानजनक है। राजस्थान के शिक्षकों के लिए यात्रा भत्ता बिलों का लंबित भुगतान के लिए जीरो बजट जारी किया जावे इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल द्वारा सर्किट हाउस उदयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आगमन पर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कार्यशाला

उदयपुर,(कासं)। अनुष्का आईएएस के सेमिनार हॉल में आईएएस और आरएएस के लिए रविवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में आगामी आईएएस व आरएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वरूप का गहरा विवेचन किया गया। जिसमे विषय विशेषज्ञों द्वारा पाठ्यक्रम को रणनीतिक तौर पर सूचीबद्ध करते हुए अध्यापन की दिशा को तय करने के बारे में बताया। संस्थान के संस्थापक डॉ. एस. एस. सुराणा ने बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य होना आवश्यक है। संस्थान के निदेशक राजीव सुराणा ने बताया कि संस्थान ने कई वर्षों से अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है। सेमिनार में विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने के साथ उनके अनुभव जानने का अवसर मिला।संस्थान अध्यक्षा कमला सुराणा ने बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में सही मार्गदर्शन का होना आवश्यक है। सेमिनार में वर्तमान आईएएस, आरएएस के साथ-साथ सेवानिवृत अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एस.एल. बोहरा, सेवानिवृत्त आई एफ एस विश्रूत अभिन्ना, बीकानेर वर्तमान सीबीईओ माया बजाड़ के साथ मुख्य वक्ताओं के रूप में दिल्ली और जयपुर की प्रख्यात फैकल्टी भूपेश परमार, डॉ. हेमंत बाबेल, प्रणय जैन, हर्षिल कुमावत आदि उपस्थित रहे।

दिलीप सिंह चौहान कोच नियुक्त

उदयपुर, (कासं)। भारतीय कायाकिंग एवं कैनोईंग संघ के अध्यक्ष श्री प्रशान्त कुशवाहा नें बताया कि रशिया (बरनॉल) में आगामी 28 से 30 जून तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए भारतीय ड्रेगन बोट टीम 24 जून को दिल्ली से रशिया के लिए रवाना होंगी तथा इस टीम के चीफ कोच दिलीप सिंह चौहान को नियुक्त किया है जो वर्तमान मे (भारतीय ड्रेगन बोट के चेयरपर्सन) है, इस अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विश्वभर के करीब 30 से 35 देशो की टीम अपना अपना दमखम दिखाएगी दिलीप सिंह चौहान राजस्थान के पहले ऐसे कोच है जो अंर्तराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन द्वारा आयोजित होने वाली ड्रैगन बोट और कायाकिंग कैनोइंग प्रतियोगिता में शामिल होने वाले भारतीय टीम के दूसरी बार चीफ कोच नियुक्त हुए है।

पेयजल स्त्रोत डिमिया को गहरा करने का कार्य जारी

उदयपुर/डूंगरपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का विजन है कि हमारे राज्य राजस्थान में पानी की कमी नहीं रहे और जल संरक्षण की तकनीक को अपनाकर वर्षा जल को संचय किया जाए तथा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को दैनिक आवश्यकता और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार एनएसएससी के गैर सरकार सदस्य और मिशन के तहत राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त प्रदेश समन्वयक और स्वच्छता तथा जल संरक्षण के पुरोधा के रूप में पहचाने जाने वाले केके गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गत भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ किए जल

■ **जिला प्रशासन और प्रमुख समाजसेवियों का मिल रहा पूर्ण सहयोग**

प्रमुख पेयजल स्त्रोत डिमिया को गहरा करने का कार्य चल रहा है।

संरक्षण अभियान को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के रूप में पुनः प्रारंभ किया है। इस अभियान के उद्देश्य सरकार द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें जल संग्रहण एवं सरंक्षण ढांचों का निर्माण, परम्परागत पेयजल एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना, गांव में पीने के पानी की कमी को दूर करना, भू-जल स्तर में वृद्धि करना एवं गिरते भू-जल के स्तर को रोकना, वर्षा जल संग्रहण एवं संरक्षण कर सिंचित एवं कृषि योग्य क्षेत्राफल को बढाना, जल एवं मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा सघन वृक्षारोपण कर हरित क्षेत्र को बढाना है।

गुप्ता ने बताया कि डूंगरपुर नगर के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्त्रोत डीमिया तालाब जो कि अब सूखने की कगार पर पहुंच गया था और गत वर्ष भी वर्षा कम होने के कारण जल आवक नहीं हो पाई थी, इसमें से मिट्टी निकाल कर तालाब को गहरा करने की योजना नगर के प्रमुख समाजसेवी द्वारा बनाई गई और जिसको लेकर जिला प्रशासन के साथ वार्ता की गई। डूंगरपुर जिला कलेक्टर महोदय श्री अंकित सिंह द्वारा भी इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए सरकारी स्तर पर भी एक समिति का गठन किया गया है और डूंगरपुर के प्रमुख भामाशाह द्वारा आर्थिक रूप से एवं मशीनरी उपलब्ध कराकर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया जा रहा है।

सनातन धर्म समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा और भारत विकास परिषद् तिलक शाखा के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने जानकारी दी कि ईगल इंफ्रा के इंजीनियर सुभाशीष अधिकारी के सुपर विजन में रविवार को 65 ट्रैक्टर मिट्टी निकाली गई। बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्मिक ताराचंद भाटी द्वारा दो जेसीबी मशीन और चार ट्रैक्टर की सहायता से मिट्टी निकाली गई। प्रातः 7 बजे जलदाय विभाग के ए ई ऐन शंकर लाल रोत ने तीन जेसीबी ऑपरेटर को मिट्टी खुदाई की योजना बताई। इस अवसर पर तिलक शाखा के सचिव चिराग व्यास, संरक्षक हीरालाल पटेल, अमित टेलर, उपाध्यक्ष पदम कुमार जैन, प्रवीण श्रीमाल, अजीत कंसारा डिमिया में पूरे दिन उपस्थित रहे। गुप्ता ने बताया कि उनके नगर परिषद सभापति कार्यकाल के प्रथम वर्ष से ही सर्वप्रथम शहर ही पुरानी बावे एवं कुओं की सफाई करवाकर गहरे कर उनसे शुद्ध जल की नियमित शहरों में सप्लाई की व्यवस्था की गई। जिससे प्रतिदिन 8 लाख लीटर पानी नियमित मिलने लगा। शहरवासियों की जल की समस्या का काफी हद तक निवारण हुआ। क्षेत्र में शहर की झील, तालाबों को गहरा एवं साफ करवाया जिससे वर्षा का पानी लम्बे समय एवं प्रचूर मात्रा में एकत्रित करने में सहायक सिद्ध हुआ।

मेवाड़ प्रीमियर लीगः स्टेलियंस की लगातार तीसरी हार

उदयपुर,(कासं)। वंडर स्पोर्ट्स के शिकारबाडी क्रिकेट ग्राउंड में 100 स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित मेवाड प्रीमियर लीग रोजाना नए मोड ले रही है। आज शाम 4बजे से राजसमंद स्टेलियंस और रॉयल राजपूताना कॉन्करर्स के बीच हुए पहले मुकाबले में कॉन्करर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरे स्टेलियंस के ऊपरी क्रम की कॉन्करर्स की बॉलिंग के सामने एक न चली और टीम ने 53 रन पर 4 विकेट खो दिए। जिसके बाद महिजीत सिंह नाबाद 39 और राज शर्मा नाबाद 27 ने पारी को अच्छे से संभाला और टीम को 14.5 ओवर में 118 के स्कोर तक पहुंचा दिया। जिसके बाद बारिश के चलते काफी देर तक मैच को रोकना पडा, जिसके कारण पहली पारी को यहीं समाप्त करते हुए नियम के तहत रॉयल राजपूताना को 10 ओवर में 99

■ **चित्तौड़गढ़ पॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर पहुंची**

रन का लक्ष्य दिया गया। जवाब में टीम के कई खिलाडियों अनिरुद्ध चौहान 11 बाल पर 19, मुकुल चौधरी 20 बाल 36 रन और शाहबाज की 8 बाल में 20 रनों की छोटी मगर तेज पारियों ने आसानी से इस मैच को अपने कब्जे में ले लिया। मुकुल को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। मुख्य अथिति के रूप में राजस्थान पुलिस स्पेशल ब्रांच के गोवर्धन सिंह भाटी, पूर्व रणजी खिलाडी कृष्णन चौधरी, यूडीसीए वाइस प्रेसिडेंट मुहम्मद शाहिद मौजूद रहे। इसके बाद खेला गया दूसरा मुकाबला काफी लो स्कोरिंग रहा। चित्तौडगढ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। स्लो पिच के चलते टीम लगातार विकेट खोती रही, लेकिन कप्तान रजत छपरवाल ने एक तरफ से मोर्चा संभाले रखा और उनकी 38 गेंदों में 48 की खेली गई सूझबूझ वाली पारी की वजह से टीम 112 रन तक पहुंच पाई। लक्ष्य हासिल करने उतरी उदयपुर रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज हर्षवर्धन सिंह 43 रन ने कोशिश तो करी, लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें किसी का साथ न मिल सका और सब एक के बाद एक डगआउट की ओर लौटते गए। आखिर में सत्तर खान नाबाद 21 रन ने एक बार फिर प्रयास किया, लेकिन टीम को जीत तक न पहुंचा सके। 4 ओवरों में 10 रन देकर 3 विकेट लेने के लिए अजीत जॉनी ने विश्वजीत को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा। इसके अलावा यूडीसीए के ज्वाइंट सेकेटरी सुरेश सोनी, रणजी ट्रॉफी कोच रघुवीर सिंह झाला आदि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

तैरता मिला लापता युवक का शव

उदयपुर,(कासं)। जिले के ओगणा थाना क्षेत्र के ओडा साईं वाडा नदी में घर से लापता हुए युवक की दूसरे दिन नदी में तैरती हुई लाश मिली,पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इस अवसर पर ओगणा थाना अधिकारी अजय राज सिंह ने बताया कि भीमराज पुत्र हमेंर लाल गमेती (45) शनिवार साय 6.30 बजे से घर से लापता हुआ जिसका शव रविवार सुबह नदी में तैरता हुआ मिला, ओडा सरपंच ने इसकी सूचना थाने दी। इसके बाद ओंगणा थाना अधिकारी अजय राज सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे तथा युवक के जेब में से पहचान पत्र एवं राशन कार्ड से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दि ओर शव को झाडोल मोर्चरी रखवाया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

काँफ्रेंस कल

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राज. विद्यापीठ विवि के संघटक विधि विभाग की ओर से औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रबंधन में वर्तमान प्रवृत्ति और चुनौतियाँ विषय पर कांफ्रेन्स का आगाज मंगलवार को होगा। प्राचार्य डॉ. कला मुणेत ने बताया कि कांफ्रेंस का शुभारंभ जलपुरूष डॉ. राजेन्द्र सिंह, कुलपति सारंगदेवोत, गोविन्द गुरू विवि गोधरा गुजरात के कुलपति प्रो. प्रतापसिंह चौहान, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ विवि रायपुर छत्तीसगढ के प्रो. राणा नवनीत रॉय, इंडोरमा वेन्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, थाईलैंड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह वरडीया, एज्युमिनाई अध्यक्ष डॉ. दिनेश भण्डारी करेंगे।

व्याख्यानमाला में पूर्व सीएम राजे ने शिरकत की

उदयपुर, (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने राजनीतिक विरोधियों को बातों ही बातों में बडा संदेश दे दिया और उन्हें नकारने वालों को एक ही वाक्य में धो कर रख दिया। अवसर था रविवार को उदयपुर के सुखाड़िया रंगमंच पर सुंदरसिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सुंदरसिंह भण्डारी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर चल रही व्याख्यानमाला में अपने उदबोधन में कहे।पार्टी में लगातार उपेक्षा झेल रही वसुंधरा राजे ने सुंदरसिंह भण्डारी के महान व्यक्तित्व की व्याख्या करते हुए कहा कि उन्होंने किस तरह से भैरोसिंह शेखावत, उसके बाद कलराज मिश्र और कल्याण सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे सहित कई बडे कार्यकर्ताओं व नेताओं आगे बढाया और ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने ना जाने कितने कार्यर्ताओं को संभाला, उनको हाथ पकड कर, उंगली पकड आगे ले जाने का काम किया। पर वो दौर अलग था, तब लोग किसी के किए अच्छे काम को माना करते थे। और कोई उपकार होता था तो उसे भी अच्छी तरह से समझते थे और माना भी करते थे। लेकिन आज, आज तो बहुत कुछ देखने को मिल रहा है। आज लोग उसी उंगली को काटने की कोशिश करते हैं जिसको पकड कर वो चलना सीखे थे। इस पर तालियां की गडगडाहट गूंज उठी। लोग समझ गए कि यहा कटाक्ष किस संदर्भ में किया गया।

सार-समाचार

झांसा देकर नकदी हड़पी, एक गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। विदेश घूमाने का फेसबुक पर फर्जी विज्ञापन दे पीडित से नकदी हडपने के मामले में पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार किया है।प्रकरण के अनुसार 3 जनवरी 2024 को पीडित भोपालसिंह पुत्र प्रेमसिंह निवसी रॉयल टूलीप सोसायटी न्यू नवरतन काम्प्लेक्स सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। मैने एफबी पर बीटूसी होलीडेस प्रा.लि. दिल्ली का दुबाई टूर जानेका विज्ञापन देखा। मालिक कैलाश राठौड़ से बातचीत हुई। पैकेज के लिए 58 हजार रूपये बताया। जिसमें फ्लाईट टिकिट, होटल,घुमने का प्लान एवं वीजा सहित अन्य टैक्स शामिल था। चार लोगों के लिए हमने टूर का प्लान किया। 21 सितंबर 2023 कोकुल नकदी 1 लाख 50 हजार रूपये फर्म के प्रतिनिधी लालसिंह राय को ट्रांसफर किए। इस पर अनामी शरण पंवार, सुनिला पंवार, भोपालसिंह चौहान व कुसुमलता चौहान के अहमदाबाद से दुबाई के टिकिट भेजे तथा कैलाश राठौड़ द्वारा मांग करने पर 54 हजाररूपये सहित कुल 2 लाख 32 हजाररूपये ट्रांसफर किए। इसको लेकर स्थानीय फर्म कंपनी से संपर्क किया तो उसने चैक कर उक्त सभी टिकिट फर्जी होना बताया। इस संबंध में कैलाश से संपर्क किया तो उसने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र खटीक के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने कैलाश राठौड़ पुत्र राजकुमार निवासी कृष्णा इन्क्लेव पार्अ 2 नजफगढ सीआरपीएफ केम्प के पास न्यू दिल्ली ओम विहार गगन भारती स्कूल के पास उत्तम नगर को गिरफ्तार किया।

हादसे में युवक की मौत, दो घायल

उदयपुर,(कासं)। दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि हादसे में दो अन्य घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में पानरवा थाना क्षैत्र अदकालिया रोड़ पर दो बाइक की आमने सामने भिडंत हो गई। हादसे में मानपुर काली घाटरी पानरवा निवसी पवन (30) पुत्र कैसा गरासिया की मौत हो गई तथा साथी वैणाज्या ओगणा निवासी कमलेश (30) पुत्र वजाजी एवं दूसरी बाइक पर सवार मुकेश निवासी अदकालिया घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पवन व कमलेश दोनों बाइक पर अदकालिया से घर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को झाड़ोल चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से एमबी में रेफर किया गाय। दोनों घायलों का उपचार जारी है। हेडकांस्टेबल प्रभूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

फरार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। टीडी थाना पुलिस ने शराब तस्करी मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 21अप्रेल 2023 को उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान 40 कर्टन अवैध शराब से भरी कार को जब्त किया था। इस दौरान चालक मौके से फरार हो गया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर वाहन मालिक रविन्द्र सिंह पुत्र नवलसिंह निवासी सवापुर थाना तलोद जिला साबरकाझ गुजरात को हरसोल थाना तलोद गुजरात से गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

कई इलाकों में विद्युत आपूति गुल

डूंगरपुर, (निसं)। शहर में रविवार शाम को दिनभर की उमस के बाद हवा के साथ तेज बारिश का दौर प्रारंभ हुआ जों कि लगभग पौना घंटा चलता रहा ओर उसकें साथ ही रखरखाव का ढिंढोरा पिटने वाला विद्युत निगम की कार्यशैली का भी परिणाम सामनें आ गया ओर लगभग कई ईलाको में दो से तीन घंटों तक विद्युत आपुर्ति गुल रही।मजें कि बात तो यह है कि, निगम का अधिशासी अभियंता जों कि विगत 12 वर्षो से एक ही स्थान पर जमा हुआ हैं ओर उसकी कार्यशैली के चलतें विभाग में अंधेरगर्दी का राज हैं। रविवार शाम को धुलभरी हवाओं के साथ ही शाम को बारिश का दौर शुरू हो गया ओर देखतें ही देखतें भितरी तथा बाहरी क्षैत्र में तेंज बहाव के साथ पानी बहने लगा। सडकों पर कई जगह पानी भर गया। जिससे लोगों को दिनभर की गर्मी से राहत मिली। पानी निकासी के नाले तेज बहने लगे। सडकों पर कई जगह पानी भर गया। वहीं तेज बारिश से वाहन ड्राइवरों को दिखना तक मुश्किल हो गया। करीब 45 मिनट तक तेज बारिश का दौर चलता रहा। इसके बाद बारिश कम हुई, लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। वहीं बूंदाबांदी का दौर चलता रहा।

बीमार बंदी की मौत

उदयपुर,(कासं)। शहर के एमबी चिकित्सालय में उपचाररत बीमार बंदी की रविवार को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी केअनुसार खेरवाड़ा निवासी लियाकत (50) पुत्र अब्दुल खां की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। लियाकत अपहरण व पोक्सों एक्ट मामले में वर्ष 2019 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। 21 जून को उसकी तबीयत खराब होने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां 23 जून को उसकी मौत हो गई। सूचना पर उपकारापाल धर्मपाल डूटी ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक
(भारत सरकार, राजस्थान सरकार, एंव स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)

परिशिष्ट 4, { नियम 8 (1) } कब्जे की सूचना (स्थावर सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) एक्ट 2002 (एक्ट 2002 के नियम 3) के अधीन राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की नाथद्वारा शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणीयो/ जमानतीयो को एक मांग पत्र उसमें उल्लेखित राशि जो नीचे दर्शायी गई है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की 'मांग करने' के लिये जारी किया गया था। ऋणीयो/जमानतीयो द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर ऋणीयो उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न सम्पत्तियों का कब्जा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है।

ऋणीयो/जमानतीयो को सावधान किया जाता है कि धारा 13(8) के प्रावधानों के संदर्भ में उपलब्ध समय में बंधक सम्पत्तियों को मुक्त करवाने हेतु उनको निमंत्रण दिया जाता है। ऋणीयो व जमानतदारों को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नहीं करें। इन सम्पत्तियों के संबंध में किया गया कोई भी व्यवहार राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की उक्त शाखा प्रभार के अधीन होगा।

ऋणीयो/ जमानतीयो के नाम	बंधक रखी गई सम्पत्तियो का विवरण	मांग पत्र तिथि एवं बकाया राशि (रू.)	कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि (रू.)
ऋणीः- श्री देवी लाल मेघवाल पिता श्री वगता मेघवाल **जमानतीः**-श्री राजीव वर्मा पिता श्री देव रतन वर्मा	**ऋणीः**-श्री देवी लाल मेघवाल पिता श्री वगता मेघवाल के नाम भूमि एंव निर्माण आवासीय संपत्ति खसरा नं. 1026 जिसका क्षेत्रफल 954.11 वर्ग फीट हैं जो कि गाँव कोठारीया, तहसील नाथद्वारा, जिला- राजसमन्द (राज.) में स्थित हैं। सम्पत्ति का पडौस निम्नानुसार है **उत्तर में**:- महेंद्र सालवी का भूखंड, **दक्षिण में**:- हीरालाल मेघवाल का भूखंड, **पूर्व में**:- किशन दल्ला का घर और रास्ता, **पश्चिम में**:- महेंद्र का भूखंड	मांग पत्र तिथि 09.05.2022 बकाया राशि रू. 6,00,392/- दिनांक 09.05.2022 तक + ब्याज व अदत्त खर्चे	कब्जे की दिनांक 18.06.2024 बकाया राशि रू. 5,88,091/- दिनांक 03.06.2024 तक + ब्याज व अदत्त खर्चे
ऋणीः- श्री खुबी लाल श्रीमाली पिता श्री रूप शंकर श्रीमाली एवं श्रीमती रेणु श्रीमाली पत्नि श्री खुबी लाल श्रीमाली **जमानतीः**- श्री राजेन्द्र कुमार श्रीमाली पिता श्री रूप शंकर श्रीमाली	**ऋणीः**-श्री खुबी लाल श्रीमाली पिता श्री रूप शंकर श्रीमाली के नाम भूमि एंव निर्माण आवासीय संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 1577.76 वर्ग फीट हैं जो कि ब्रह्मपुरी, पिपलाद माताजी मंदिर के पास, गांव उनवास, पोस्ट-खमनोर, जिला-राजसमन्द (राज.) में स्थित हैं। सम्पत्ति का पडौस निम्नानुसार है **उत्तर में**:- भेरू लाल कि भूमी, **दक्षिण में**:- आम रास्ता, **पूर्व में**:- सुंदर लाल का मकान, **पश्चिम में**:- कैलाश चन्द्र का मकान	मांग पत्र तिथि 01.02.2022 बकाया राशि रू. 7,16,045/- दिनांक 01.02.2022 तक + ब्याज व अदत्त खर्चे	कब्जे की दिनांक 18.06.2024 बकाया राशि रू. 4,61,473/- दिनांक 03.06.2024 तक + ब्याज व अदत्त खर्चे

एनफोर्समेंट एजेंसी :- एम. बी. फाईनेंस
317, 3rd तक फ्लोर, एम. एम. कॉम्पलेक्स,
उदियापोल के पास, उदयपुर (राज.) 313001
मोबाईल नं- 9829021957, 6376410997, 9460507672

प्राधिकृत अधिकारी
राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक
(क्षेत्रिय व्यवसाय कार्यालय सिरोही)

प्रशिक्षण शिविर का समापन

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित राबाउमावि कांकरोली में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर, जिला मुख्यालय, जिला शिक्षा विभाग एवं स्थानीय संघ के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 40 दिवसीय अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। समारोह में प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। शिविर संचालक धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि 17 मई से 25 जून तक संचालित अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन बालकृष्ण विद्या भवन राउमावि के प्रागंण में बडे जोरो-शोरों से रंगारंग कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। समापन समारोह "झलक-2024" की अध्यक्षता शिविर निर्देशक एवं सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड, राजसमन्द तहसीलदार विजय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट, खुशकमल कुमावत, नर्बदा शंकर पालीवाल, पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट रामचन्द्र शर्मा रहे।

डॉ मुखर्जी आदर्श राजनीति के प्रणेता कर्तव्यनिष्ठ व सादगी के पर्याय भंडारी : कटारिया

उदयपुर,(कासं)। सुंदर सिंह भंडारी एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के पर सुंदर सिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को प्रदेश के भाजपा जनसंघ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुशंसिक संगठनों में अपने जीवन को समर्पित कर संगठन के द्वारा राष्ट्र की सेवा करने वाले समर्पित व्यक्तित्वों का नगर निगम के सुखाडिया रंगमंच सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला के विषय राष्ट्र निर्माण में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं सुंदर सिंह भंडारी के विशिष्ट योगदान पर विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने अपने उद्बोधन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व स्व सुंदर सिंह भंडारी को श्रद्धांजलि देते हुए कहां की श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू के मंत्रिमंडल में सरदार वल्लभभाई पटेल की दिशा के चलते लिया गया लेकिन कश्मीर में दो विधानए दो निशान दो प्रधान का विरोध कर उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया एवं कांग्रेस एवं कम्युनिस्ट का विरोध करने के लिए 21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना की जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में वट वृक्ष के रूप में विद्यमान है, वह दोनो ही महापुरुष आज अपने बीच में नहीं है लेकिन उनकी विचारधारा आज भी जीवित है।

स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी को उन्होंने कर्तव्य निष्ठ एवं सादगी के पर्याय बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवन पर्यंत राष्ट्र की सेवा की, उन्होंने चिंगारी समाचार पत्र के माध्यम से देश में एक अलग ही अलख जगाया, उन्हीं की प्रेरणा से प्रेरित होकर गुलाबचंद कटारिया ने मेवाड और राजस्थान में उनकी विचारधारा को आगे बढाया, अपने संबोधन में उन्होंने राजमाता विजया राजे सिं